aglasem.com

FOR UP CLASS 12 PREPARATION

UP Board Class 12th Model Paper 2027 Lekhashastra

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 12	2027	Sample Paper	Accountancy

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
सत्र 2026–2027
कक्षा–12
लेखाशास्त्र

संकेतांक–349

समयः–3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक–100

नोटः–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघुउत्तरीयहै, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अर्न्तगत लिखना है।

(iv) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघुउत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। क्रियात्मक प्रश्नों को हल करना है।

(v) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिन्हें हल करना है।

(vi) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित विकल्पों में सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए–

1. साझेदारी समझौते की अनुपस्थिति में, साझेदार के ऋण पर ब्याज दिया जाता है– 1

(a) 5% वार्षिक दर से (b) 6% वार्षिक दर से

(c) 8% वार्षिक दर से (d) 4% वार्षिक दर से

2. एक साझेदारी फर्म के चार साझेदार हैं। कम्पनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार व्यवसाय में और कितने अतिरिक्त साझेदारों को प्रवेश दिया जा सकता है– 1

(a) 50 (b) 46 (c) 100 (d) 96

3. पुनर्मूल्यांकन पर लाभ या हानि को वहन करते हैं– 1

(a) पुराने साझेदार (b) नये साझेदार

(c) सभी साझेदार (d) इनमें से कोई नहीं

4. अ, ब तथा स का पुराना लाभ विभाजन 2:2:1 है। ब की सेवानिवृत्ति के बाद उनका लाभ विभाजन अनुपात 3:2 है। अधिलाभ अनुपात होगा– 1

(a) 3:2 (b) 2:1 (c) 1:1 (d) 2:3

5. कम्पनी के स्वामी होते हैं– 1

(a) अंशधारी (b) ऋणपत्रधारी (c) संचालक (d) इनमें से कोई नहीं।

6. निम्नलिखित में कौन रोकड़ बहिर्वाह नहीं है– 1

(a) लेनदारों में वृद्धि (b) स्कन्ध में वृद्धि

(c) पूर्वदत व्ययों में वृद्धि (d) इनमें से कोई नहीं

7. निम्न में से कौन एक गैर–रोकड़ मद नहीं है– 1

(a) नकद विक्रय (b) ख्याति का उपलेखन

(c) ह्रास (d) अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान

8. निम्नलिखित में से कौन–सा चालू दायित्व नहीं है– 1

(a) देय बिल (b) बैंक अधिविकर्ष (c) अंश पूँजी (d) अदत्त व्यय

9. आदर्श चालू अनुपात है– 1

(a) 2:1 (b) 1:2 (c) 3:2 (d) 3:4

10. फर्म के विघटन पर बैंक अधिविकर्ष को हस्तान्तरित किया जाता है– 1

(a) रोकड़ खाते में (b) बैंक खाते में

(c) वसूली खाते में (d) साझेदार के पूँजी खाते में

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

11. साझेदारी संलेख में किसी प्रावधान की अनुपस्थिति में साझेदार किस अनुपात में लाभ या हानि का विभाजन करते हैं? 2
12. वर्ष के प्रत्येक माह के प्रथम दिन समान धनराशि के अहरणों पर ब्याज की गणना किस प्रकार करेंगे? 2
13. एक नये साझेदार को प्राप्त दो मुख्य अधिकार बताएँ। 2
14. लाभ प्राप्ति अनुपात की गणना किस प्रकार की जाती है? 2
15. आप विघटन व्ययों के लिए क्या जर्नल प्रविष्टि करेंगे, यदि उनका भुगतान फर्म के साझेदार 'X' के द्वारा किया जाता है? 2
16. स्पैट समता अंश का क्या अर्थ है? 2
17. बाण्ड क्या है? 2
18. तरलता अनुपात से आप क्या समझते हैं? 2
19. रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उपयोग बताइए? 2
20. सांयोगिक या आकस्मिक दायित्व क्या होते हैं? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न

21. मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि की गणना आप कैसे करेंगे? 5
22. रोकड़ प्रवाह विवरण को तैयार करने के उद्देश्य क्या है? 5
23. वित्तीय विवरणों की प्रकृति समझाइए। 5
24. अंश एवं ऋणपत्र में अन्तर कीजिए। 5
25. पंजीकृत ऋणपत्र और वाहक ऋणपत्र में क्या अन्तर है? 5
26. स्कन्ध आवर्त अनुपात क्या है? इसकी गणना कैसे की जाती है? 5

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न

27. 'A' और 'B' लाभ–हानि को 3:2 के अनुपात में बाँटते हुए एक साझेदारी में हैं। सभी समायोजनाओं के पश्चात् 'A' और 'B' की पूँजी क्रमशः रुपये 1,60,000 तथा रुपये 1,20,000 है। वे 'C' को साझेदार के रुप में प्रवेश देते हैं जो लाभ में 1/5 हिस्से के लिए, जो 'A' एवं 'B' से बराबर–बराबर क्रय किया जाता है, रुपये 70,000 पूँजी के रूप में लाता है। पुराने साझेदारों की पूँजी नये साझेदार की पूँजी के आधार पर समायोजित की जाती है। 'A' और 'B' की नई पूँजियाँ ज्ञात कीजिए तथा इस उद्देश्य हेतु पुराने साझेदारों द्वारा लायी या निकाली जाने वाली नकद राशि के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 10

अथवा

'A', 'B' तथा 'C' एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ–हानि को 3:2:1 के अनुपात में विभाजित करते हैं। 31 मार्च, 2020 को उनका स्थिति विवरण अग्र प्रकार से था– 10

दायित्व (Liabilities)	रकम ₹	सम्पत्तियाँ (Assets)	रकम ₹
लेनदार	4,50,000	रोकड़ (CASH)	1,20,000
सामान्य संचय	2,40,000	अन्य चालू सम्पत्तियाँ	6,90,000
साझेदारों के पूँजी खाते–		अचल सम्पत्तियाँ	6,30,000
A–3,00,000			
B–2,40,000			
C–2,10,000	7,50,000		
	14,40,000		**14,40,000**

1 अप्रैल, 2020 को साझेदारों ने लाभों को 5:3:2 के अनुपात में विभाजित करने का निर्णय लिया। निर्णय के अनुसार–

(i) सम्पत्तियों और दायित्वों के पुर्नमूल्यांकन से रुपये 24,000 का लाभ हुआ।

(ii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन रुपये 3,00,000 किया गया।

(iii) फर्म की कुल पूँजी रुपये 12,00,000 होगी और साझेदारों की पूँजी नये लाभ–विभाजन के अनुपात में समायोजित की जायेगी।

आवश्यक रोजनायचा प्रविष्टियाँ कीजिए। नये लाभ–विभाजन अनुपात में पूँजी समायोजित कीजिए और साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

28. X, Y और Z एक फर्म में साझेदार थे जो लाभ–हानि को क्रमशः 1/2, 3/8 एवं 1/8 के अनुपात में बाँटते थे। 31 दिसम्बर, 2020 को वे अपनी फर्म का समापन करने के लिए राजी हो जाते हैं, उस दिन उनकी स्थिति निम्न प्रकार थी– 10

दायित्व	रकम	सम्पत्तियाँ	रकम
संचय कोष	4,000	स्वतंत्र स्वामित्व की सम्पत्ति	18,000
'X' से ऋण	3,000	मशीनरी	12,000
लेनदार	8,000	पुस्तकीय ऋण 16000	
पूँजी:			
X–20,000		(–) डूबत ऋण संचय 1000	15,000
Y–15,000		रहतिया	13,000
Z–10,000	45,000	रोकड़	2,000
	60,000		60,000

सम्पत्तियों से निम्न राशि प्राप्त हुई, स्वतन्त्र स्वामित्व की सम्पत्ति से रुपये 22,000 मशीनरी से रुपये 11,000 पुस्तकीय ऋण से 10% कम, रहतिया से रुपये 12,000 एवं ख्याति से रुपये 4,000 विविध लेनदारो को 2.5% कटौती पर भुगतान कर दिया गया तथा रुपये 500 वसूली के व्यय किए गये। किराये के रुपये 300 बकाया थे जिसका भुगतान किया जाना है। वसूली खाता बनाइए।

अथवा

मृत साझेदार के उत्तराधिकारी को देय राशि की गणना आप किस प्रकार करेंगे?

29. राम एण्ड श्याम कं0 ने रुपये 100 वाले 10,000 अंशों के लिए आवेदन आमन्त्रित किए जिन पर निम्न प्रकार देय था– 10

आवेदन पर 20% , आवंटन पर 30%, प्रथम याचना पर 40% तथा अन्तिम याचना पर 10%।

12,000 अंशों के आवेदन प्राप्त हुए। 8,000 अंशों के आवेदकों को सभी अंश आवंटित किए गए शेष 4,000 अंशों के आवेदकों को 2,000 अंश आवंटित किए गये। सभी याचनाएँ की गई और 600 अंशों पर अन्तिम याचना को छोड़कर सभी राशि प्राप्त कर ली गई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

अथवा

ज्योति लिमिटेड ने जनता से रुपये 10 वाले 50,000 अंशों के लिए प्रार्थना–पत्र आमन्त्रित किए। 60,000 अंशों के लिए प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सभी प्रार्थियों को अंशों का यथानुपात आवंटन कर दिया गया। अंशों पर राशि निम्न प्रकार देय थी– 10

प्रार्थना पत्र पर रुपये 3 प्रति अंश, आवंटन पर रुपये 5 प्रति अंश, प्रथम व अन्तिम माँग पर रुपये 2 प्रति अंश। श्याम ने जिसको 200 अंश आवंटित किये गये थे, आवंटन एवं माँग राशि का भुगतान नहीं किया और इस कारण उसके अंशों को कम्पनी द्वारा जब्त कर लिया। कम्पनी ने इन अंशों को 10 बट्टे पर पुनः निर्गमित कर दिया। जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

30. 31 मार्च, 2020 को हीरो लिमिटेड की पुस्तकों से ली गई सूचनाओं से लाभ–हानि का विवरण तैयार कीजिए– 10

संचालन से आय 30,00,000, व्यापारिक रहतिया का क्रय 12,00,000, वेतन 6,00,000, बोनस 60,000, ग्रेच्युटी का भुगतान 50,000 ऋणपत्रों पर ब्याज का भुगतान 10,000, प्रारम्भिक व्यापारिक रहतिया 1,50,000, अन्तिम व्यापारिक रहतिया 2,00,000, फर्नीचर पर ह्रास 20,000।

अथवा

आर्थिक चिट्ठे का लम्बवत् रूप क्या है? इसका प्रारूप दीजिए। 10